SAMAGRA SHIKSHA - KERALA

FIRST TERMINAL EVALUATION 2018-2019

Third Language

HINDI

VIII

Time : 90 minutes
Maximum Score : 40

सामान्य निर्देश :

- 15 मिनट का कूल ऑफ़ टाईम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा' लोककथा का यह अंश पढ़कर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> इस दरबार में मौज़ूद हर शख्स आपको कुछ न कुछ सिखा सकता है। हरेक ऐसा कुछ जानता है जो दूसरों को नहीं पता है।

1. '**शख्स**' का समानार्थी शब्द है– 1

(क) राजा (ख) व्यक्ति

(ग) विद्वान (घ) मूर्ख

2. 'हर एक ऐसा कुछ जानता है जो दूसरों को नहीं पता है' -इसका मतलब क्या है? 2

3. सही मिलान करें। 5

जो खेती करता है।	धोबिन
जो कपड़ा धोती है।	ज्ञानी
जिसे कोई ज्ञान न हो।	किसान
जो लेखा-जोखा करता है।	मूर्ख
जिसको ज्ञान है।	लिपिक

सूचना : 'सुख-दुख' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें, 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> सुख-दुख के मधुर मिलन से
> यह जीवन हो परिपूरन;
> फिर घन में ओझल हो शशि
> फिर शशि में ओझल हो घन।

4. '**अप्रत्यक्ष**' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द है– 1

(क) शशि (ख) ओझल

(ग) मिलन (घ) परिपूरन

5. 'सुख-दुख' -कविता किसकी रचना है? 1

(क) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी की (ख) सुमित्रानंदन पंत की

(ग) हरिवंशराय बच्चन की (घ) रामनरेश त्रिपाठी की

6. जीवन कैसे परिपूर्ण होता है? 2

सूचना : 'पिता का प्रायश्चित' संस्मरण का यह अंश पढ़कर 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> उन्होंने उत्सुकता पूर्वक पूछा, "तुम लेट क्यों हुए? उन्हें यह बताते हुए मुझे बहुत शर्म आई कि मैं जॉन बेन की एक पश्चिमी फिल्म देख रहा था।

7. इस वाक्य का सर्वनाम शब्द चुनकर लिखें : 1

मैं फिल्म देख रहा था।

8. अरुण गांधी को शर्म आने का कारण क्या है? 2

9. अरुण गांधी और उसके पिताजी के बीच की इस बातचीत को आगे बढ़ाएँ। 4

पिताजी : तुम लेट क्यों हुए?

अरुण गांधी : ....।

पिताजी : ....।

अरुण गांधी : ....।

पिताजी : ....।

अरुण गांधी : ....।

पिताजी : ....।

अरुण गांधी : ....।

अथवा

'तुम लेट क्यों हुए?' पिताजी के यह पूछने पर अरुण गांधी को शर्म आई। अपने मन के विचारों को अरुण गांधी ने डायरी में लिखा। अरुण गांधी की डायरी लिखें।

10. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। **1**

(क) ज्ञान से कोई लाभ नहीं है।

(ख) ज्ञान बाहरी दिखावा है।

(ग) ज्ञान सबकी भलाई के लिए है।

(घ) ज्ञान से मूर्ख बन जाता है।

11. **हिंदी दिवस समारोह में 'ज्ञानमार्ग' एकांकी का मंचन होनेवाला है। इसकी सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।** **4**

12. **वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें।** **2**



13. **कोष्ठक से उचित सर्वनाम जोड़कर वाक्यों की पूर्ति करके लिखें।** **3**

(हम, मैं, तुम)

.... बड़ा ज्ञानी हूँ।

.... अपने ज्ञान का परिचय दो।

.... बचने की कोशिश करते हैं।

सूचना : कविता की पंक्तियाँ पढ़ें, 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

देखो सूरज उगा गगन पर उठो-उठो हम लगें काम पर तब ही आगे बढ़ पाएँगे अगर सोते रह जाएँगे जीवन में क्या कुछ पाएँगे!

14. कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें। 1

15. कवितांश में किस समय का वर्णन है? 1

(क) सुबह का (ख) दोपहर का

(ग) शाम का (घ) रात का

16. यह आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

हमेशा सोते रहनेवाला जीवन में कुछ नहीं पाएगा।

सूचना : चित्र देखें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें।



17. चित्र में क्या-क्या हैं? 3

(क) .... (ख) .... (ग) ....

18. चित्र के आधार पर दो वाक्य लिखें। 4

(क) ....।

(ख) ....।